**Regarding development of infrastructure for promotion of carpet industry in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid**

**डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र भदोही को टाउन आफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस का दर्जा विगत वर्षों में मिला था ,अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर भदोही कालीन के निर्माण और निर्यात के लिए पहचाना जाता है । विशिष्ट निर्यात क्षेत्र होने के नाते सरकार के द्वारा कई कदम भदोही के कालीन कारोबार की बेहतरी के लिए उठाए गए लेकिन अभी भी कालीन कारोबारियों और बुनकरों को कई उम्मीदें हैं । अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग के लिए ब्रांड प्रमोशन में और अधिक सहायता की जरूरत है, टेस्टिंग लैब, डिजाइन सेंटर के लिए फंड की आवश्यता है । विशिष्ट निर्यात क्षेत्र होने के नाते 24 घंटे विद्युत आपूर्ति आवश्यक है एवम भदोही में इंफ्रास्ट्रक्चर को विशेष प्लान के तहत बेहतर करने की आवश्यकता है, भदोही को नए जिले में रूप में 1994 में स्थापित किया गया था ऐसे में अभी भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की आवश्यकता है इसलिए एक विशेष प्लान के तहत भदोही में इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया जाना आवश्यक है ।